अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - ※मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 353 | इंदौर, मंगलवार 08 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## पिछले साल की घटना से सबक लेकर इंदौर में इस बार 60 से ज्यादा जलजमाव स्पॉट खत्म किए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** देश के सबसे साफ शहर इंदौर में जलजमाव की एक बड़ी समस्या है। पिछले साल एक दिन में चार इंच बारिश होने के कारण शहर के कई इलाकों में पानी भर गया था और जगह-जगह ट्रैफिक जाम हुआ। नाराज इंदौरवासियों ने सोशल मीडिया पर तब जलजमाव का मुद्दा खूब उछाला था। उस घटना से सबक लेकर नगर निगम ने इंदौर में 60 से ज्यादा जलजमाव वाले क्षेत्रों से समस्या दूर की है। वर्षाकाल में भी कई जगह वर्षाजल निकासी लाइन बिछाई गई है। इसके अलावा आपदा प्रबंधन दस्ता भी बनाया गया है।

**ब्रिजों के पास ज्यादा जलजमाव-** इंदौर में पहले कच्चे नाले हुआ करते थे। जिनसे वर्षा जल निकल जाता था। मार्गों के चौड़ीकरण के दौरान नाले खत्म हो गए। इस कारण जलजमाव की समस्या ज्यादा आने लगी। अफसरों ने पिछले साल ही जलजमाव क्षेत्र चिन्हित कर काम शुरू कर दिया था। एबी रोड के राजेंद्र माथुर तिराहे पर नाले से जोड़कर लाइन बिछाई गई। नगर निगम चौराहे पर भी चैंबर बनाकर लाइन नाले से जोड़ी गई। इसके अलावा शहर में जो पक्के डिवाइडर बनाए गए है। उनमें भी पानी सड़क के इस बार से उस पार जाने के लिए होल किए गए है। शहर में कलेक्टोरेट तिराहा, परदेशीपुरा चौराहा, पलासिया चौराहा, रसोमा लेबोरेटरी, एमआर-10 ब्रिज, देवी अहिल्या ब्रिज, सुदामा नगर सहित 100 से ज्यादा जगहों पर जलजमाव होता है। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने हाल ही में इसे लेकर बैठक ली और कहा कि ज्यादा वर्षा होने पर आपदा प्रबंधन टीम सबसे ज्यादा सजग रहे। ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए लेफ्ट टर्न को चौड़ा किया जाएगा। निगम ने आपदा प्रबंधन के लिए संसाधन भी जुटाए है।

## भाजपा जिला कार्यसमितियों के गठन में खींचतान, नेताओं की भोपाल दौड़ तेज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश भाजपा में हेमंत खंडेलवाल की प्रदेशाध्यक्ष पद पर नियुक्ति के बाद अब 62 जिलों में नई कार्यकारिणियों के गठन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिलाध्यक्षों के सामने टीम चयन को लेकर बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। पुराने कार्यकर्ताओं, नए शामिल हुए नेताओं और दूसरे दलों से आए नेताओं को शामिल करने की कोशिश में संतुलन साधना जरूरी हो गया है। जिला स्तर की टीमों में पुराने समर्पित कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नए और चुनाव से पहले भाजपा में आए नेताओं को भी जगह देने की मांग उठ रही है। पार्टी के पद जैसे उपाध्यक्ष, महामंत्री, मंत्री सहित मोर्चा व प्रकोष्ठों में शामिल होने के लिए कई नेता पैरवी में लगे हैं।

### पंजाब के उद्योगपतियों ने एमपी में दिखाई दिलचस्पी

# 15000 करोड़ करेंगे निवेश

## 20000 लोगों को मिलेगा रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पंजाब के लुधियाना में एक निवेशक सम्मेलन में भाग लिया। सोमवार को हुए इस सम्मेलन में उन्होंने उद्योगपतियों से बातचीत की। इस बातचीत के परिणामस्वरूप मध्य प्रदेश को 15,606 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। इससे राज्य में 20,000 से अधिक रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री यादव ने लुधियाना के उद्योगपतियों को मध्य प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के लिए आमंत्रित किया और उन्हें राज्य की नीतियों के बारे में जानकारी दी।**

**एमपी में लगातार मिल रहे निवेश के प्रस्ताव-** ख्यमंत्री मोहन यादव ने बताया कि उन्होंने पहले कोयंबटूर और सूरत में भी रोड शो किए थे। अब मध्य प्रदेश सरकार लुधियाना में निवेशकों से जुड़ी है। राज्य स्तर पर भी क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन आयोजित किए गए हैं। फरवरी में भोपाल में हुए GIS (ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट) में मध्य प्रदेश को 30.77 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे।

**खनिज संपदा से भरपूर है एमपी-** मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि मध्य प्रदेश में खनिज संपदा भरपूर है। इसलिए राज्य में निवेश करना फायदेमंद होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कई उद्योगपतियों ने राज्य में 15,606 करोड़ रुपए के निवेश का प्रस्ताव दिया है। इससे लगभग 20,275 या उससे अधिक रोजगार के अवसर पैदा होंगे।




**पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात की-** इससे पहले, मुख्यमंत्री यादव ने लुधियाना के वर्धमान इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स में पंजाब के प्रमुख उद्योगपतियों से मुलाकात की। उन्होंने उन्हें मध्य प्रदेश की समावेशी और निवेश-अनुकूल नीतियों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार न केवल उद्योग स्थापित करने और निवेश बढ़ाने के लिए तैयार है, बल्कि अगर किसी क्षेत्र में संभावना दिखती है, तो नियमों में भी बदलाव किया जाएगा।

**इन लोगों से मिले-** मुख्यमंत्री यादव ने वर्धमान ग्रुप के MD नीरज जैन, रालसन इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन संजीव पाहवा, कंगारू इंडस्ट्रीज के MD अमरीश जैन, टी.के. स्टील रोलिंग मिल्स प्राइवेट लिमिटेड के MD लोकेश जैन, रजनीश इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राहुल आहूजा, फार्मपार्ट्स कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट जे.एस. भोगल, सी.आई.सी.यू. के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा, कमल (सरजावन होजरी) के प्रतिनिधि सुदर्शन जैन और अरुण जैन सहित विभिन्न क्षेत्रों के उद्योगपतियों से मुलाकात की।

### मंत्री विजयवर्गीय बोले-

# लव जिहाद की घटनाएं हमारे लिए शर्म की बात, BJP कार्यकर्ताओं से की ये अपील

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की राजनीति में स्थानीय मुद्दों को उठाना शामिल है। इसे वे अक्सर बड़े राजनीतिक मंचों पर उठाते हैं। पहले मंत्री विजयवर्गीय इंदौर में अवैध नशा मिलने के मुद्दे को लगातार उठाते रहे हैं। अब वे लव जिहाद को अपने भाषण में शामिल कर रहे हैं। मंगलवार को जब इंदौर में नए प्रदेशाध्यक्ष इंदौर आए तब भी उन्होंने लव जिहाद के मामलों की बात छेड़ी, हालांकि नए प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने उस मुद्दे पर कुछ नहीं बोला।**

### पहले दे चुके हैं भोपाल के जनप्रतिनिधियों को हिदायत

लव जिहाद का मामला भोपाल में भी सामने आया था। तब कॉलेज छात्राएं कुछ मुस्लिम युवकों से संपर्क में थीं और युवकों ने उन्हें प्रेमजाल में फंसा कर रेप भी किए। डेढ़ माह पहले इंदौर के ही आयोजन में विजयवर्गीय ने कहा था कि भोपाल में हर दिन हिन्दू युवती लव जिहाद का शिकार हो रही है। वहां के जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं। उन्हें इसे रोकना चाहिए। अब इंदौर में लव जिहाद के लिए फंडिंग का मामला सामने आया तो इंदौर में भाजपा सम्मेलन के मंच पर विजयवर्गीय ने कहा कि लव जिहाद की घटनाएं सामने आना हमारे लिए शर्म की बात है। यह भाजपा के लिए बड़ी चुनौती है। इसे कार्यकर्ता रोकें।



### नशा बेचने वालों के नाम मालूम है

यह कोई पहला मौका नहीं है जब स्थानीय मुद्दों को विजयवर्गीय ने बेबाकी से उठाया। विधानसभा चुनाव के पहले जब इंदौर में गौरव दिवस मनाया गया था। तब तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के सामने उन्होंने कहा था कि इंदौर में अवैध नशा खुलेआम बिक रहा है। पुलिस को इस मामले में रोकथाम करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें पता है कि इंदौर में कौन नशा बेच रहा है और कहां से आ रहा है। इसके बाद शिवराज सिंह ने कहा कि पुलिस कानून हाथ में लेने वालों को छोड़ती नहीं है।

# भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल से बोले विजयवर्गीय... आप मेरे पैर न छुएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार हेमंत खंडेलवाल सोमवार को इंदौर पहुंचे। यहां आयोजित कार्यकर्ता सम्मेलन में खंडेलवाल ने कहा कि मैं किसी महानगर का निवासी नहीं हूं। आदिवासी अंचल का साधारण कार्यकर्ता हूं। जिसका पूरा जीवन जनजाति के बीच में गुजरा है।**



मुझे कई बडे दायित्व मिले लेकिन मीडिया में हाइलाइट होने की बजाय पीछे रह कर पार्टी को मजबूत करने का काम करता हूं। अब यहीं उम्मीद में आप लोगों से भी करूंगा। हमारे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम तीसरी महा शक्ति बनने जा रहे हैं। मोदी जी को सबकी चिंता है। मोहन यादव भी मोदी जी के नक्शे कदम पर चल कर प्रदेश का विकास कर रहे हैं। दोनों सरकारें जो काम कर रही है। उसे आम जनता तक पहुंचाना आपकी जिम्मेदारी है। आपकी चिंता हम करेंगे, आप जनता की चिंता करें।कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि खंडेलवाल के पिता मेरे बडे भाई समान थे। हेमंत खंडेलवाल को हम हमारे पूर्व अध्यक्ष स्व. कैलाश जोशी जैसा देख रहे हैं। वे उसी तरह के व्यक्तित्व है। कार्यकर्ताओं के सामने कई चुनौतियां हैं। जिसमें लव जिहाद भी एक है। भाजपा के कार्यकर्ताओं को इस संबंध में तेजी से काम करना और नजर रखना चाहिए। हमारे होते हुए यह मामले बढ़े तो हमारे लिए शर्म की बात है। इसे चुनौती के रूप में लेना चाहिए। अगर ऐसे मामले बढ़े हैं तो ऐसा सबक देंगे कि लोग याद रखेंगे। आपने खजराना मंदिर में भी दर्शन कर मेरे पांव छुएं लेकिन आपको उन्हीं की कसम है। आप आज के बाद मेरे पांव नहीं छुएंगे। आप हमारे नेता हैं। आपके नेतृत्व में हम काम करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत में खंडेलवाल का स्वागत किया गया। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने खंडेलवाल का परिचय कार्यकर्ताओं से करवाया। नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि खंडेलवाल के पास एक नीले रंग का दो पहिया वाहन था। जिसे कोई भी कार्यकर्ता ले जाता था।

वे काफी सरल है। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय,पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन, सांसद शंकर लालवानी, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, महापौर पुष्यमित्र भार्गव,वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सत्तन, कृष्ण मुरारी मौघे सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता शामिल थे।

# राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित अल्पविराम कार्यक्रम में चार राज्यों के अधिकारियों ने लिया आत्मसमीक्षा और आनंद का अनुभव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राज्य आनंद संस्थान, आनंद विभाग इंदौर द्वारा सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, इंदौर में बाल विकास परियोजना अधिकारियों (CDPO) के लिए एक दिवसीय अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और छत्तीसगढ़ राज्यों से आए अधिकारियों ने भाग लिया।**



कार्यक्रम का आयोजन सहायक निदेशक द्वय श्री पीयूष खरे एवं श्री भूपेंद्र दांडी के कुशल समन्वय से सम्पन्न हुआ। प्रारंभ में श्री प्रकाश उज्वल स्वामी जी ने योग और हास्य गतिविधियों के माध्यम से ऊर्जा और सकारात्मकता का माहौल बनाया। जिला समन्वयक श्री विजय मेवाड़ा ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए बताया कि भौतिक सुविधाएं और समृद्धि ही आनंद का कारण नहीं होतीं। इसके लिए सकारात्मक दृष्टिकोण और जीवन की गहराई को समझना आवश्यक है। उन्होंने प्रतिभागियों को कार्यकुशलता और पारिवारिक-सामाजिक जीवन में आत्मसमीक्षा के महत्व से अवगत कराया। डॉ. दिनेश चौधरी ने आनंद क्या है और इसे जीवन में कैसे लाएं, इस विषय पर मार्गदर्शन दिया। मास्टर ट्रेनर श्री राजेश सिसोदिया एवं श्रीमती यश प्रेरणा पाराशर ने प्रतिभागियों से लाइफ बैलेंस शीट तैयार कराकर उनके जीवन की उपलब्धियों और चुनौतियों का अवलोकन कराया। कार्यक्रम में मानसिक तनाव और अनावश्यक चिंताओं को दूर करने के उपायों पर भी चर्चा की गई। प्रतिभागियों ने आत्मावलोकन कर अपनी खूबियों और कमियों को पहचाना और जीवन में सुधार की दिशा में कदम बढ़ाने की प्रेरणा ली। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत उपयोगी बताया। महाराष्ट्र के अनिल कुमार पटेल ने कहा कि यह पहल कार्यक्षमता के साथ जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में सहायक है। गुजरात की राधा बहन भरवाड़ ने कहा कि कार्य के तनाव पर नहीं, बल्कि कार्य के तरीकों पर ध्यान देने से कार्यकुशलता बढ़ती है। छत्तीसगढ़ के बालेंद्र देवांगन ने कहा कि हर परिस्थिति में खुश रहने का जज्बा इस कार्यक्रम से मिला। कार्यक्रम का समापन एक सुंदर गीत और हास्य-आनंद से भरे वातावरण में हुआ। प्रतिभागियों ने आत्मसमीक्षा, सकारात्मक दृष्टिकोण और आनंदपूर्ण जीवन के लिए प्रेरणा लेकर सत्र का समापन हुआ।

# इंदौर एयरपोर्ट से 3 शहरों के लिए बंद होगी सीधी उड़ान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर एयरपोर्ट से 1 अगस्त से नासिक, उदयपुर और जोधपुर के लिए सीधी उड़ानें बंद होने जा रही हैं। इन तीनों फ्लाइट का संचालन इंडिगो द्वारा किया जा रहा था। कंपनी ने इन रूट्स की बुकिंग भी बंद कर दी है। इससे पहले कंपनी कोलकाता और जम्मू की उड़ानें भी बंद कर चुकी है। अब इन शहरों के लिए यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट्स का विकल्प तलाशना होगा, जिससे यात्रा का समय और खर्च दोनों बढ़ेंगे।**



इन फ्लाइट्स को किया जा रहा बंद...जोधपुर फ्लाइट (6ई-7358/7359): सुबह 10:40 बजे इंदौर से रवाना होकर 12:20 बजे जोधपुर पहुंचती थी। वापसी में यह फ्लाइट दोपहर 12:45 बजे जोधपुर से उड़ान भरकर 1:15 बजे इंदौर आती थी। उदयपुर फ्लाइट (6ई-7348/7424): दोपहर 2:40 बजे इंदौर से रवाना होकर 3:40 बजे उदयपुर पहुंचती थी। वहां से शाम 4:20 बजे रवाना होकर 5:25 बजे इंदौर लौटती थी। नासिक फ्लाइट (6ई-7109/7155): दोपहर 2:45 बजे इंदौर से रवाना होकर 3:55 बजे नासिक पहुंचती थी। नासिक से शाम 4:15 बजे उड़ान भरकर 5:25 बजे इंदौर लौटती थी।यह सभी उड़ानें 1 अगस्त से बंद की जा रही हैं। ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि शिरडी और नासिक जैसे धार्मिक स्थलों और जोधपुर जैसे पर्यटन स्थलों के लिए सीधी उड़ानें यात्रियों के लिए बेहद सुविधाजनक थीं। कंपनी ने इन रूट्स पर पहले से बुकिंग करवा चुके यात्रियों की टिकटें रद्द कर दी हैं और रिफंड के साथ कनेक्टिंग फ्लाइट्स का विकल्प भी दिया है। हालांकि, इन फ्लाइट्स को बंद करने का कोई स्पष्ट कारण कंपनी की ओर से नहीं बताया गया है। सूत्रों के अनुसार, ऑफ-सीजन में कम यात्रियों की संख्या को देखते हुए कंपनी ने यह निर्णय लिया है।

## ◆ श्रावण मास में कावड़ यात्रियों की सुरक्षा हेतु

# खंडवा रोड पर भारी मालवाहन वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने जारी किया आदेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने श्रावण मास के अवसर पर कावड़ यात्रियों की बड़ी संख्या में इंदौर से खंडवा व ओंकारेश्वर की ओर तथा ओंकारेश्वर से इंदौर आने-जाने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के तहत खंडवा रोड पर भारी माल वाहनों के आवाजाही पर निर्धारित अवधि में प्रतिबंध लगाया है। इस यात्रा मार्ग पर तेज रफ्तार भारी मालवाहनों के कारण दुर्घटना की आशंका को ध्यान में रखते हुए उक्त प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं।**

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा मोटर यान अधिनियम के अंतर्गत जारी आदेशानुसार, श्रावण मास के दौरान कावड़ यात्रा मार्ग पर भारी मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर समयबद्ध प्रतिबंध लगाया गया है।

प्रतिबंध के अनुसार इंदौर से खंडवा की ओर एवं खंडवा से इंदौर की ओर आने-जाने वाले ट्रक/ भार वाहक वाहनों की आवाजाही प्रातः 8 बजे से रात्रि 9 बजे तक (केवल श्रावण मास हेतु) प्रतिबंधित रहेगी। उक्त वाहन एबी रोड होते हुए सनावद की ओर जा सकेंगे।

यह प्रतिबंध केवल भारी मालवाहक वाहनों पर लागू होगा। यात्री बस, कार, जीप, दोपहिया वाहन, दूध-वाहन, एलपीजी गैस सप्लाई, पानी टैंकर, एम्बुलेंस, अग्निशमन वाहन आदि आवश्यक सेवाओं से संबंधित वाहन प्रतिबंध से मुक्त रहेंगे। आदेश आज से प्रभावशील हो गया है। यह प्रतिबंध आमजन की सुरक्षा और कावड़ यात्रा के शांतिपूर्ण संचालन हेतु लगाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

## आबकारी विभाग इंदौर की अवैध शराब के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी

# एक सप्ताह में 18 प्रकरण दर्ज, बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के आदेश और सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देशन में इंदौर आबकारी विभाग ने 01 जुलाई से 07 जुलाई 2025 तक अवैध शराब के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया। इस सघन अभियान के दौरान शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर औचक कार्रवाई की गई, जिसमें कई ढाबों और अवैध अड्डों को निशाना बनाया गया।

मुख्य कार्रवाई बिंदु- आबकारी विभाग की टीमों ने पिंड पंजाब ढाबा, आतिश ढाबा रिंगरोड, बुद्धनगर इंदौर, एवरफ्रेश गुमटी (स्कीम नंबर 140), दीप श्री ढाबा सिलिकॉन सिटी, महाराजा ढाबा, चूना भट्टी दुधिया, मांगलिया, विस्तारा काकड़, बेटमा, काली बिलोद और मम्मू दा ढाबा कल्याणा मिल जैसे स्थानों पर छापे मारे। अभियान के प्रमुख परिणाम- इस अभियान के तहत 18 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें आबकारी अधिनियम की धारा 36(A), 36(B), और 34 (1) A के तहत कार्रवाई की गई। कार्रवाई में विमलेश पिता जगदीश, शुशीला बाई पति बाबूलाल, मधु बाई पति जगदीश, हरिओम पिता रामलाल, केदार पिता रामचन्द्र, भानु पिता कैलाश, सुमित पिता दीपक, जितेंद्र पिता नरसिंह, सागर पिता अशोक, और सुनीता पति नंदकिशोर सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही 38.52 बल्क लीटर देशी मदिरा, 2.74 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (स्पिरिट), 4.55 बल्क लीटर विदेशी मदिरा (माल्ट), 200 किलोग्राम महुआ लहान तथा 0.8 किलोग्राम भांग जब्त किया गया। जब्त की गई समस्त सामग्री की अनुमानित कीमत 45 हजार 25 रूपये आँकी गई है। कार्रवाई के दौरान एक दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया। यह अभियान इंदौर में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर अंकुश लगाने के लिए आबकारी विभाग की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विभाग भविष्य में भी ऐसी कार्रवाईयां जारी रखेगा ताकि जिले में अवैध शराब के कारोबार को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

# आपदा प्रबंधन के साथ ही निगम कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि : आयुक्त श्री वर्मा

## वर्षाकाल के दौरान प्रत्येक झोन पर अलर्ट रहेगी झोनवार टीम

### ◆ जल जमाव के दौरान जल निकासी के लिये लगाई गई कर्मचारियों की ड्यूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा द्वारा वर्षाकाल के दौरान शहर में जल जमाव की स्थिति के दौरान जल निकासी के साथ ही आपदा प्रबंधन को लेकर स्मार्ट सिटी नेहरू पार्क में समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में अपर आयुक्त श्री रोहित सिसोनिया, श्री अभिलाष मिश्रा, श्री अभय राजगांवकर, श्री मनोज पाठक, श्री नरेन्द्रनाथ पांडे, उपायुक्त श्री शैलेश अवस्थी, कार्यपालन यंत्री श्री संजीव श्रीवास्तव, अधीक्षण यंत्री श्री डीआर लोधी, श्री विवेश जैन, वर्कशॉप प्रभारी श्री मनीष पांडे एवं अन्य उपस्थित थे।**




आयुक्त श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार शहर में अधिक वर्षाकाल के दौरान शहर के 100 से अधिक चिंहित जल जमाव क्षेत्रों में जल निकासी तथा यातायात प्रबंधन के साथ ही आपदा की स्थिति में नागरिको की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए, निगम के जनकार्य, ड्रेनेज, विद्युत व वर्कशॉप विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियो के साथ टीम का गठन किया गया है। उक्त में जनकार्य, ड्रेनेज, विद्युत व वर्कशॉप विभाग की टीम को अति वर्षाकाल के दौरान जल निकासी के साथ ही आपदा की स्थिति में कार्य करने हेतु टॉर्च, रस्सी, शूज, फावडा, गेती, रेनकोट, सब्बल, रिफलेक्टर जैकेट, तकनीकी सपोर्ट के लिये झोनल अधिकारी, उपयंत्री, मेकेनिक टीम के साथ ही पर्याप्त संसाधन जैसे जेसीबी, डी वॉटरिंग मशीन, वाहन भी प्रत्येक झोन/टीम को आवंटित किये गये है।

आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने कहा कि बारिश के दौरान जल जमाव की स्थिति के निपटान के लिये गठित टीम द्वारा जल निकासी के लिये तुरंत कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी, साथ ही वर्षा के दौरान यातायात बाधित ना हो, इसके लिये शहर के प्रमुख चौराहो व मार्गो के लेफ्ट टर्न जहां पर यातायात बाधित होने की संभावना बनी रहती है, वहां पर अग्रिम कार्यवाही करते हुए, बाधक अवरोधों को हटाने की कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें, ताकि लेफ्ट टर्न क्लीयर रहे और यातायात प्रभावित ना हो। इस हेतु गठित टीम के कर्मचारियो को अनिवार्य रूप से रेनकोट व रिफलेक्टर जैकेट भी उपलब्ध कराई जाये, डयूटी में तैनात कर्मचारियो के पास पर्याप्त संसाधन रहे, आपदा की स्थिति में मौके पर मौजूद निगम के कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। साथ ही निगम प्रशासन की टीम के साथ ही जिला प्रशासन की रेस्क्यु टीम के साथ समन्वय रहे, ताकि आपदा की स्थिति में प्रबंधन का कार्य सुचारू रूप से किया जा सके। इसके साथ ही अति वर्षाकाल के दौरान निचली बस्तियां जहां पर जल जमाव होता है, ऐसे स्थानों के रहवासियों को सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट करने लिये नियत स्थान की सूची तैयार कर संबंधित झोन/कन्ट्रोल रूम/गठित टीम के पास उपलब्ध रहे, ताकि आपात स्थिति में नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करने के दौरान किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

# महिला से सरकारी नौकरी के नाम पर ठगी...




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक शादीशुदा महिला ने भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) से जुड़े रेफरी विनय कुमार के खिलाफ लाखों रुपए की ठगी का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसे कोच असिस्टेंट की सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर किश्तों में बड़ी रकम हड़प ली। फिलहाल राजेन्द्र नगर पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता एक निजी संस्थान में नौकरी करती है।**

पुलिस को दी गई शिकायत में उसने बताया कि जुलाई 2024 में उसकी पहचान विनय कुमार से हुई थी, जो स्कीम नंबर 140 का निवासी है और खुद को भारतीय खेल प्राधिकरण का रेफरी बताता है। बातचीत के दौरान विनय ने महिला को बताया कि एसएआई में कोच असिस्टेंट की पोस्ट खाली है और वह उसकी सरकारी नौकरी लगवा सकता है। महिला के अनुसार, शुरुआत में विनय ने 15 हजार रुपए मांगे जो उसने ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद फरवरी 2025 में उसने नौकरी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर 4 लाख 60 हजार नकद मांगे, जो महिला ने दे दिए। कुछ समय बाद विनय ने कुछ मेल दिखाकर भरोसा दिलाया कि जॉब की प्रोसेसिंग हो गई है और अगले माह नियुक्ति हो जाएगी। इसके बाद उसने फिर 3 लाख 30 हजार रुपए की डिमांड की। महिला ने अपने जेवर गिरवी रखकर यह रकम विनय के अकाउंट में ट्रांसफर कर दी। लेकिन नौकरी की बात पर जब वह टालमटोल करने लगा तो महिला ने दबाव बनाना शुरू किया। इस पर विनय ने ऊंचे लोगों से जान-पहचान होने की धमकी देना शुरू कर दिया। थक-हारकर महिला ने राजेन्द्र नगर थाना पहुंचकर विनय के खिलाफ लिखित शिकायत की है। पुलिस ने आवेदन लेकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मंत्री श्री विजयवर्गीय और महापौर श्री भार्गव ने रेवती रेंज में वृहद वृक्षारोपण हेतु स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया

## 12 जुलाई को 20 हजार पौधों का होगा रोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर शहर में पर्यावरण संरक्षण तथा हरित क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु वृहद वृक्षारोपण अभियान प्रारंभ किया गया है। नगर निगम द्वारा गत वर्ष रेवती रेंज पहाड़ी पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत रिकॉर्ड स्तर पर 12 लाख पौधों का रोपण किया गया था, जो कि जनभागीदारी और प्रशासनिक समन्वय का अनुपम उदाहरण था।**



इस ऐतिहासिक उपलब्धि के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नगर निगम इंदौर द्वारा आगामी 12 जुलाई 2025 को एक बार पुनः बड़े स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 20 हजार पौधों का रोपण किया जाएगा।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय और महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने आज रेवती रेंज में वृहद वृक्षारोपण हेतु स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी द्वारा रोपण स्थल – रेवती रेंज पहाड़ी – का भौतिक अवलोकन कर तैयारियों की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता, पौधों की प्रजातियों के चयन, सिंचाई व्यवस्था और संरक्षण रणनीति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

अभियान में समाज के विभिन्न वर्गों – स्कूल, कॉलेज, स्वयंसेवी संस्थाएं, औद्योगिक संगठन आदि की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। नागरिकों से अपील की गई है कि 12 जुलाई को आयोजित वृक्षारोपण महाअभियान में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और "हरित इंदौर – स्वच्छ इंदौर" की दिशा में सहयोग प्रदान करें।

# डीएलएफ गार्डन सिटी जमीन को गांव दिखाकर रजिस्ट्री

### ◆ तीन कॉलोनाइजर और दो अफसरों पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। शहर में 13 करोड़ की स्टाम्प ड्यूटी चोरी का मामला सामने आया है। ईओडब्ल्यू ने तीन रियल एस्टेट कारोबारी, सीनियर डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार सहित पांच पर केस दर्ज किया है।

विवेक चुघ पिता मोहनलाल चुघ, हितेन्द्र मेहता, अजय कुमार जैन पिता महेन्द्र कुमार जैन ने रजिस्ट्रार कार्यालय के अधिकारियों के साथ मिलकर शासन को स्टाम्प ड्यूटी राशि 13 करोड़ 32 लाख 95 हजार रुपए का नुकसान पहुंचाया। ईओडब्ल्यू ने मेसर्स एक्सक्लूसिव रियल्टी के विवेक चुघ पिता मोहनलाल चुघ, मेसर्स सेवनहाट्र्स बिल्डकॉन एलएलपी के हितेन्द्र मेहता, अजय कुमार जैन पिता महेन्द्र कुमार जैन, पंजीयक कार्यालय के उप पंजीयक संजय सिंह और वरिष्ठ जिला पंजीयक अमरेश नायडू को ईओडब्ल्यू ने आरोपी बनाया है। ईओडब्ल्यू एसपी ने बताया कि विवेक चुघ, हितेंद्र मेहता और अजय कुमार जैन ने संजय सिंह और अमरेश नायडू से साठगांठ कर डीएलएफ गार्डन सिटी मांगल्या सड़क की गाइड लाइन से कम दर में रजिस्ट्री कराई। बताया गया कि डीएलएफ गार्डन सिटी के स्वीकृत संशोधित नक्शे में काट-छांट कर अंश भाग ही अपलोड किया गया। डीएलएफ गार्डन सिटी का नाम हटाकर मांगलिया सड़क गांव की गाइड लाइन दर राशि 14,200/-रु. प्रति वर्ग मीटर की दर से रजिस्ट्रियां कराई गई। जबकि यहां की गाइडलाइन 50800 रुपए है।ईओडब्ल्यू डीएसपी पवन सिंघल ने बताया कि आरोपियों ने 13 करोड़ 32 लाख 95 हजार 106 रुपए की राजस्व हानि पहुंचाई गई। इसके चलते ईओडब्ल्यू ने आरोपियों पर धारा 318(4), 61(2), 338, 336(3) एवं 340 भारतीय न्याय संहिता 2023 व धारा 7 (सी), भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# खुशी और दिशा पालीवाल को सुयश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज की प्रतिभावान खुशी पालीवाल एवं दिशा पालीवाल ने सीए बनने के लिए एंट्रेंस एग्जाम सीए फाउंडेशन परीक्षा अपने प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण कर अपने परिवार और समाज को गौरवान्वित किया। पालीवाल बंधुओं को श्री पालीवाल ब्राह्मण समाज 44 श्रेणी के पूर्व अध्यक्ष श्याम दवे, धर्मनारायण पुरोहित, सुरेश दवे (पालीवाल गौरव), कन्हैयालाल व्यास, अनिल बागोरा, धर्मेंद्र पुरोहित, मुकेश उपाध्याय, महेश जोशी, लोकेंद्र बागोरा, सचिन व्यास ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

# मप्र के इन इलाकों में अतिभारी बारिश की चेतावनी आठ इंच तक गिरेगा पानी, कई जिलों में बाढ़ से हालात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में स्ट्रांग सिस्टम एक्टिव होने की वजह से लगातार तेज बारिश का दौर चल रहा है। सोमवार को कई जिलों में तेज बारिश का दौर जारी रहा। मंगलवार को भी ऐसी स्थिति रहेगी। मंगलवार को सात जिलों में मौसम विभाग ने अति भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। जिसमें से नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। सीहोर, हरदा, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, कटनी, डिंडौरी, उमरिया में भारी बारिश हो सकती है। भोपाल, इंदौर में हल्की बारिश का दौर जारी रहेगा।**

### भोपाल में 3 किलोमीटर लगा जाम

सोमवार को भोपाल में दिनभर रुक-रुककर कभी तेज, कभी रिमझिम बारिश होती रही। इस वजह से शाम को शहर के कई इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। एमपी नगर थाने से नर्मदापुरम रोड तक करीब 3 किलोमीटर लंबा जाम लग गया। मंदसौर के गांधीसागर डैम में सोमवार



को राजस्थान के दो युवकों के शव मिले। वे कोटा से पिकनिक मनाने के लिए गरोठ के भानपुरा आए थे। डिंडौरी के मेहदवानी जनपद पंचायत क्षेत्र में धमनी-कुसेरा रोड बारिश से क्षतिग्रस्त हो गई। ये तीन साल पहले ही प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी थी। सड़क टूटने से इस रास्ते पर भारी वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। सीहोर जिले में पार्वती और पपनाश नदी भारी बारिश के चलते उफान पर हैं। पार्वती नदी पर हादसा होते-होते बचा। पानी पुल के ऊपर से बह रहा था। इस बीच ड्राइवर ने लोगों के मना करने के बाद भी कार नहीं रोकी और आगे जाकर वो फंस गई। लोगों ने कार सवार को बाहर निकाला। नर्मदापुरम के इटारसी में थाने और बाजार में पानी भर गया। वहीं, बालाघाट जिले के गांवों का सड़क संपर्क टूट गया।

### इसलिए हो रही भारी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम बंगाल के ऊपर एक कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं मानसूनी ट्रफ लाइन उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रही है, जो मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित कर रही है। हवा के ऊपरी हिस्सों में एक ट्रोणिका रेखा (ट्रफ) दक्षिण राजस्थान से लेकर पश्चिम बंगाल तक फैली हुई है, जो मध्य प्रदेश के बीच से होकर गुजर रही है। इसी कारण प्रदेश के अधिकांश जिलों में वर्षा होती रहेगी। विशेषकर पूर्वी मध्य प्रदेश के सागर, रीवा, शहडोल और जबलपुर संभागों में भारी वर्षा की संभावना है। वहीं, भोपाल संभाग के राजगढ़, सीहोर और विदिशा जिलों में भी अच्छी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया है कि इन जिलों में तेज हवाएं भी चल सकती हैं। इसकी रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। इसकी वजह से मंगलवार को अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, दमोह, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, मंडला, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी, शहडोल और उमरिया में बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### सिवनी में नौ घंटे में गिरा ढाई इंच पानी

प्रदेश के 30 से ज्यादा जिलों में सोमवार को तेज बारिश का दौर जारी रहा। सिवनी में नौ घंटे में ढाई इंच पानी गिर गया। पचमढ़ी-मलाजखंड में सवा इंच, शाजापुर, छिंदवाड़ा-शिवपुरी में 1 इंच, नर्मदापुरम-जबलपुर में पौन इंच, बैतूल में आधा इंच पानी गिरा।वहीं, भोपाल, उज्जैन, मंडला, उमरिया, नर्मदापुरम, बैतूल, शिवपुरी, डिंडौरी, बालाघाट, सीहोर, विदिशा, शाजापुर, आगर-मालवा, देवास, इंदौर समेत 30 जिलों में बारिश का दौर जारी रहा।

### प्रदेश में अगले 4 दिन ऐसा रहेगा मौसम

**8 जुलाईः** नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, सिवनी,मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। अगले 24 घंटे में यहां 8 इंच तक पानी गिर सकता है। सीहोर, हरदा, रायसेन, सागर, नरसिंहपुर, दमोह, जबलपुर, छतरपुर, पन्ना, कटनी, डिंडौरी, उमरिया में भारी बारिश हो सकती है।

**9 जुलाईः** सीधी, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला,बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, नर्मदापुरम और बैतूल में अति भारी बारिश का अलर्ट है। बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, सीहोर, भोपाल, विदिशा, रायसेन, नरसिंहपुर, सागर, गुना, अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, दमोह, जबलपुर, पन्ना, कटनी, उमरिया, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज और सिंगरौली में भारी बारिश होने की संभावना है।

**10 जुलाईः** दमोह, पन्ना, कटनी, उमरिया, मैहर, सतना,रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अति भारी बारिश हो सकती है। ग्वालियर, श्योपुर, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, देवास, खंडवा, हरदा, सीहोर, सागर, रायसेन, नर्मदापुरम, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, मंडला, डिंडौरी, अनूपपुर, शहडोल, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में भारी बारिश का यलो अलर्ट है।

**11 जुलाईः** श्योपुर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सागर, छतरपुर, दमोह, पन्ना, जबलपुर, कटनी, सतना, मैहर, रीवा और मऊगंज में भारी बारिश का अलर्ट है।

## टेम्पो ट्रैक्स पेड़ से टकराया 3 महिलाओं की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल, एजेंसी।** ब्यौहारी थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 4.40 बजे एक टेम्पो ट्रैक्स (सीजी10-बीपी-8657) जोरा गांव के पास पेड़ से टकरा गया। हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर मौत हो गई। वहीं 15 महिलाएं और बच्चे घायल हैं। जानकारी के मुताबिक टेम्पो ट्रैक्स (तूफान) में कुल 20 लोग सवार थे। ड्राइवर के अलावा सभी महिलाएं और बच्चे थे। ये लोग अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे छत्तीसगढ़ लौट रहे थे। थाना प्रभारी अरुण पांडे ने बताया कि हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। मृतकों की पहचान गायत्री कवर (55), मालती पटेल (50) और इंदिरा बाई के रूप में हुई है।

## छात्राएं बोलीं- डॉक्टर करते है गंदा व्यवहार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** संजय गांधी अस्पताल में नर्सिंग की 80 छात्राओं ने ईएनटी विभाग के डॉक्टर पर प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। छात्राओं का कहना है कि डॉक्टर उनसे गंदा व्यवहार करता है, इसलिए वह यहां काम नहीं करेंगी। प्राचार्य से लिखित शिकायत के बाद मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने भी छात्राओं की ड्यूटी वहां हटा दी है, जिसकी पुष्टि डीन ने की। डीन ने जांच कमेटी गठित की है। जो 7 दिन में रिपोर्ट सौंपेगी। इधर, स्टूडेंट्स के न पहुंचने से मरीजों के इलाज में समस्या आ रही है। नर्सिंग की 80 छात्राओं ने लिखित में कहा है कि डॉक्टर अशरफ छात्राओं के साथ गंदा व्यवहार करते हैं। छात्राओं ने उनके व्यवहार और हाव-भाव से खुद को असुरक्षित बताया है। कहा कि डॉ. अशरफ का व्यवहार कई मर्तबा छात्राओं को मानसिक रूप से असहज, असुरक्षित और अपमानित करने वाला रहा है। उनके व्यवहार के चलते क्लीनिकल लर्निंग वातावरण भी प्रभावित हो रहा है। इसके बाद प्राचार्य ने डीन को पत्र लिखकर चिकित्सक की हरकतों से अवगत कराया।

## मप्र में प्रमोशन में आरक्षण पर रोक

### हाईकोर्ट ने कहा-नए नियम लागू नहीं कर सकते

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने प्रमोशन में आरक्षण पर फिलहाल रोक लगा दी है। सोमवार को पदोन्नति के नए नियमों को लेकर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पुराने नियम (2002) और नए नियम (2025) में क्या फर्क है? सरकार इसका कोई साफ जवाब नहीं दे पाई।

इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा और जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने कहा कि ऐसी स्थिति में नए नियमों को लागू नहीं किया जा सकता। अब अगली सुनवाई 15 जुलाई (मंगलवार) को होगी। तब तक सरकार नियमों का अंतर समझकर अदालत को बताए। संघ की ओर से अधिवक्ता सुयश मोहन गुरु ने हाईकोर्ट में दलील दी थी कि यह मामला फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, इसलिए सरकार नए नियमों के तहत फिलहाल प्रमोशन में आरक्षण नहीं दे सकती। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस और जजों की बेंच ने सरकार



से यह भी सवाल किया कि जब पदोन्नति का मामला पहले से सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, तो फिर सरकार ने नए नियम क्यों बनाए? क्या पहले सुप्रीम कोर्ट से पुराना मामला वापस नहीं लेना चाहिए था? राज्य सरकार की तरफ से एडवोकेट जनरल पेश हुए, लेकिन वे यह स्पष्ट नहीं कर सके कि 2002 और 2025 के नियमों में असली फर्क क्या है। उन्होंने कहा कि अभी यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। कोर्ट ने कहा कि जब तक इस मामले में हाईकोर्ट कोई अंतिम फैसला नहीं देता, तब तक सरकार नए नियमों के आधार पर कोई भी पदोन्नति या संबंधित कार्रवाई नहीं करे।

## गुरु के अनुशासन का अनुकरण करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर, एजेंसी।** कुबेरेश्वर धाम में कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा शिष्य को गुरु के आसन की नहीं, बल्कि उनके अनुशासन की ओर ध्यान देना चाहिए। यहां चल रहे छह दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव का तीसरे दिन रहा। उन्होंने कहा कि शिष्य को गुरु के आसन की नहीं, बल्कि उनके अनुशासन की ओर ध्यान देना चाहिए। पंडित मिश्रा ने श्री गुरु शिव महापुराण कथा के दौरान कहा कि गुरु कभी किसी का बुरा नहीं चाहते। उनका अनुशासन सदैव हितकारी होता है। जो शिष्य गुरु के वचनों का पालन करता है, वही अपना आत्मकल्याण कर सकता है। उन्होंने वर्तमान समय की एक बड़ी समस्या की ओर इशारा किया। आजकल शिष्य गुरु के अनुशासन को छोड़कर उनके आसन और सिंहासन की ओर देखते हैं। इसी कारण वे सफल नहीं हो पाते। पंडित मिश्रा ने बताया कि यदि विश्वास और आस्था के साथ गुरु का एक शब्द भी हृदय में उतर जाए, तो जीवन सफल हो सकता है।

## प्रेमी ने तालाब में कूद कर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** वीआइपी रोड से बड़े तालाब में कूदकर एक युवक ने अपनी जान दे दी। युवक प्रेमिका के शादी से इनकार करने को लेकर परेशान था। सोमवार सुबह भी फोन पर उसका प्रेमिका से झगड़ा हुआ था। जिसके बाद युवक बिलखिरिया से वीआइपी रोड पहुंचा। वहां करीब दस मिनट तक वह खड़ा रहा और फिर तालाब में छलांग लगा दी। युवक को कूदता देख आसपास के लोगों ने नगर निगम और पुलिस को फोन कर सूचना दी। गोताखोर तालाब में कूदे और करीब एक घंटे बाद उसका शव बाहर निकाला। तब तक युवक की सांसें थम चुकी थीं। तलैया थाना पुलिस युवक की मौत की जांच कर रही है।

## सबसे ऊंची प्रतिमा लगाने की घोषणा की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** हाईकोर्ट परिसर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति स्थापना के विवाद के बीच अब भारतीय संविधान के मुख्य सलाहकार रहे बीएन राव (सर बेनेगल नरसिम्हा राव) का नाम चर्चा में आ गया है। ग्वालियर में उनकी विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा लगाने की घोषणा की गई है। इसके लिए प्रशासन से जगह मांगी जाएगी, और जमीन न मिलने पर निजी भूमि पर प्रतिमा स्थापित की जाएगी। यह फैसला 'संविधान की व्याख्या एवं अवधारणा' विषय पर आईआईटीटीएम संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में लिया गया। इस आयोजन का नेतृत्व हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट अनिल मिश्रा और रक्षक मोर्चा के संयोजक सुनील पटेरिया ने किया था। इस प्रस्ताव ने 'संविधान निर्माता' की परिभाषा को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में शांभवी पीठ के पीठेश्वर स्वामी आनंद स्वरूप महाराज उपस्थित थे।

## संपादकीय

### राफेल को लेकर फ्रांस एयरफोर्स के प्रमुख का खुलासा

ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने के बाद से ही राफेल लड़ाकू विमान लगातार चर्चाओं में बना हुआ है। 6-7 मई की रात भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। उसके बाद से पाकिस्तान दावा करता रहा है कि उसने भारत के कम से कम तीन राफेल लड़ाकू विमानों को मार गिराया है। हालांकि भारतीय वायुसेना के अधिकारियों ने ये तो स्वीकार किया है कि उसके कुछ विमान गिरे हैं, लेकिन अभी तक ये बताने से परहेज किया है कि कितने विमान गिरे हैं और गिरने वाले विमान कौन कौन से हैं। अब राफेल लड़ाकू विमान को लेकर फ्रांस एयरफोर्स के प्रमुख ने पहली बार खुलासा करते हुए कहा है कि भारत को एक राफेल लड़ाकू विमान का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान ने दावा किया था कि उसने J-10C फाइटर जेट से PL-15E एयर टू एयर मिसाइल लॉन्च कर भारतीय विमानों को मार गिराया है, लेकिन उसने आज तक एक भी सबूत नहीं दिए हैं। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक फ्रांसीसी वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलांगर ने कहा है कि उन्होंने तीन भारतीय विमानों के नुकसान के सबूत देखे हैं, जिनमें एक मिराज 2000, एक Su-30MKI और एक राफेल फाइटर जेट हैं। लेकिन उन्होंने कहा है कि भारत ने अपना राफेल पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध के दौरान नहीं खोया, यानि पाकिस्तान लड़ाकू विमानों ने राफेल को नहीं गिराया, बल्कि राफेल गिरने की असल वजह टेक्निकल है। फ्रांसीसी एयरफोर्स चीफ ने कहा है कि आठ देशों को राफेल लड़ाकू विमान बेचे गये हैं और ये पहली बार है जब राफेल एयरक्राफ्ट को नुकसान हुआ है। फ्रांसीसी एयरफोर्स के चीफ से पहले CNN ने भी एक अज्ञात फ्रांसीसी वायुसेना के अधिकारी के हवाले से कहा था कि भारत का एक राफेल फाइटर जेट गिरा है। उस समय फ्रांसीसी अधिकारी ने कहा था कि फ्रांस इस बात की जांच कर रहा है कि राफेल कैसे गिरा है? भारत ने अपने नुकसान का ब्यौरा नहीं दिया है, लेकिन संकेतों में कुछ बातें कही गईं हैं। जैसे इंडोनेशिया में भारत के डिफेंस अताशे ने पिछले महीने कहा था कि संघर्ष के पहले दिन भारत ने कुछ लड़ाकू विमान खो दिए, क्योंकि सरकार ने पाकिस्तानी सैन्य संपत्तियों पर हमला करने की इजाजत नहीं दी थी और वायुसेना को सिर्फ पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों पर ही हमला करने को कहा गया था।

**अर्ज किया है..!**

*इन आँसुओं की हिफ़ाज़त*
*बहुत ज़रूरी हैं*
*अँधेरी रात में जुगनू भी*
*काम आते हैं*

*- माजिद देवबंदी*

## OSHO कहिन

**"पैसा अच्छा है, लेकिन यह आपकी आत्मा का लक्ष्य नहीं हो सकता।"**



## Health is Wealth

# वेट लॉस हो या कब्ज की समस्या, बरसात में भुट्टा खाने से सेहत को मिलते हैं 5 फायदे



बारिश के मौसम में गली के कोने पर भुट्टावाले को देखकर अगर आपके मुंह में भी पानी भर जाता है तो ये खबर आपकी खुशी को डबल कर देगी। जी हां, भुट्टा सिर्फ आपके स्वाद का ही ख्याल नहीं रखता है बल्कि इसे खाने से आपको सेहत से जुड़े कई फायदे भी मिलते हैं। भुट्टे को मकई और स्वीट कॉर्न के नाम से भी जाना जाता है। स्वीट कॉर्न में विटामिन ए, बी, ई खनिज और एंटीऑक्सीडेंट के साथ फाइबर और फाइटोकेमिकल्स भी मौजूद होते हैं। जो पाचन को बेहतर बनाए रखकर कई रोगों से बचाव करने में मदद करते हैं। अगर आप भी बरसात के मौसम में भुट्टा खाना पसंद करते हैं तो सिर्फ स्वाद नहीं इसके फायदे भी जान लें।

## बरसात में भुट्टा खाने से सेहत को मिलते हैं ये 5 फायदे

### कब्ज

बरसात के मौसम में अकसर कई लोग कब्ज की समस्या से परेशान रहते हैं। अगर आपको भी कब्ज की समस्या बनी रहती है तो आप अपनी डाइट में भुट्टा शामिल करना शुरू कर दीजिए। भुट्टे में मौजूद फाइबर कोलन में फंसे भोजन को साफ करने में मदद करता है। जिससे कब्ज, गैस, एसिडिटी की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। कई शोध बताते हैं कि मकई बड़ी आंत में स्वस्थ बैक्टीरिया के उत्पादन में भी मदद कर सकती है।

### वेट लॉस

अगर आप अपने बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए कोई असरदार उपाय खोज रहे हैं तो सबसे पहले अपनी डाइट में भुट्टे को शामिल कर लें। भुट्टे में कैलोरी काउंट कम होने के साथ यह पेट को लंबे समय तक भरा हुआ रखने का अहसास करवाता है। जिससे व्यक्ति ओवर ईटिंग करने से बच जाता है। जो वेट लॉस में फायदेमंद है।

### कोलेस्ट्रॉल रखें कंट्रोल

भुट्टे में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर पाए जाते हैं। घुलनशील फाइबर, आंतों में जेल बनाकर कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करता है, जिससे धमनियों में प्लाक जमने की संभावना कम हो जाती है।

### इम्यूनिटी

बारिश के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है। ऐसे में भुट्टे का सेवन आपकी इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद कर सकता है। स्वीट कॉर्न में मौजूद पोषक तत्व, जैसे विटामिन ए, बी, और ई, साथ ही एंटीऑक्सिडेंट, प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं।

### त्वचा के लिए फायदेमंद

स्वीट कॉर्न त्वचा के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसमें मौजूद विटामिन ए, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं।

New Delhi

# भारत बंद की तैयारी, 25 करोड़ कर्मचारी करेंगे हड़ताल, किन सेवाओं पर असर?

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बुधवार को बड़े स्तर पर भारत बंद की तैयारी है। अनुमान है इस बंद में बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल सेवा समेत विभिन्न क्षेत्रों के 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी शामिल हो सकते हैं। यह हड़ताल 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने बुलाई है और इसे भारत बंद का नाम दिया है। यह भारत बंद सरकार की मजदूर विरोधी, किसान विरोधी और राष्ट्र विरोधी कॉरपोरेट-समर्थक नीतियों के विरोध में बुलाया गया है। ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस की अमरजीत कौर ने कहाकि हड़ताल में 25 करोड़ से अधिक कर्मचारियों के भाग लेने की उम्मीद है। किसान और ग्रामीण कर्मचारी भी देशभर में



इस विरोध प्रदर्शन का हिस्सा बनेंगे। हिंद मजदूर सभा के हरभजन सिंह सिद्धू ने कहा कि हड़ताल के कारण बैंकिंग, डाक, कोयला खनन, कारखाने, राज्य परिवहन सेवाएं प्रभावित होंगी।

**सरकार की नीतियों पर सवाल-** भारत बंद कर रहे संगठनों ने पिछले साल श्रम मंत्री मनसुख मांडविया को 17-सूत्रीय मांगों का एक चार्टर सौंपा था। इनका कहना है कि सरकार पिछले 10 वर्षों से वार्षिक श्रम सम्मेलन का आयोजन नहीं कर रही है। यह मजदूरों-कर्मचारियों के हितों के खिलाफ फैसले ले रही है। मजदूर संगठनों के मंच ने यह आरोप भी लगाया कि आर्थिक नीतियों के कारण बेरोजगारी बढ़ रही है, जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ रही हैं, मजदूरी में गिरावट आ रही है और शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बुनियादी नागरिक सुविधाओं में सामाजिक क्षेत्र के खर्च में कटौती हो रही है।

Tamil Nadu

## रेलवे ट्रैक पार कर रही स्कूल वैन को ट्रेन ने मारी टक्कर, दो बच्चों की दर्दनाक मौत



**चेन्नई, (एजेंसी)** तमिलनाडु के कडलूर जिले के सेम्मानकुप्पम गांव में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. हादसा तब हुआ जब एक स्कूल वैन रेलवे ट्रैक पार कर रही थी, तभी वहां से गुजर रही ट्रेन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में दो स्कूली छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल छात्रों को कडलूर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जिस समय हादसा हुआ उस समय वैनमें पांच बच्चे सवार थे. यह हादसा उस वक्त हुआ जब स्कूल वैन चालक ने क्रॉसिंग गेट खुला होने के कारण रेलवे ट्रैक पार करने का प्रयास किया तभी ट्रेन ने उसे टक्कर मार दी. वैन करीब 50 मीटर तक घसीटती चली गई. इलाके के लोगों ने ट्रैक पर दो छात्रों के शव देखे और तुरंत अधिकारियों को सूचित किया. घायलों को जिला सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है.यह हादस आज सुबह करीब 07:45 बजे बजे हुआ. छात्रों को ले जा रही एक वैन कुड्डालोर और अलप्पक्कम के बीच रेलवे लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 170 (एक गैर-इंटरलॉक किया हुआ गेट) को पार करने का प्रयास कर रही थी और ट्रेन नंबर 56813 विल्लुपुरम-मयिलादुथुराई पैसेंजर की चपेट में आ गई. हादसे में 6 छात्र घायल हो गए जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया. रेलवे के मुताबिक, प्रारंभिक जांच से पता चला है कि जब गेट कीपर गेट बंद करने के लिए आगे बढ़ा तो वैन चालक ने जबरन गेट को पार करने की कोशिश की.

Bihar

## पटना में एनकाउंटर... मारा गया गोपाल खेमका हत्याकांड के लिए हथियार मुहैया कराने वाला विकास उर्फ राजा

**पटना, (एजेंसी)** बिहार के पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड को लेकर पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है. दरअसल, पटना सिटी के माल सलामी इलाके में अपराधी विकास उर्फ राजा पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया है. राजा ने ही खेमका की हत्या के लिए हथियार मुहैया कराया था. ये जानकारी मिलने पर पुलिस उसे गिरफ्तार करने पहुंची तो दोनों में मुठभेड़ हो गई.

बीती रात 02:45 बजे मालसलामी थाना से 2 किलोमीटर पश्चिम पीर दमरिया घाट के पास पुलिस के साथ मुठभेड़ में 29 साल का राजा मारा गया. इसके बाद सूचना पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पटना सीटी ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच की.घटनास्थल से 1 पिस्टल, गोली एवं खोखा बरामद किया गया है. राजा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है.

इसपर जेडी(यू) नेता राजीव रंजन ने कहा, 'हमें मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस ने खेमका हत्याकांड के एक आरोपी को मार गिराया है, जिसने पुलिस पर हमला करने की कोशिश की थी. नीतीश कुमार जी हर घटना पर नजर रख रहे हैं.'

New Delhi

## दिल्ली में मुफ्त बस सफर के लिए बैंक से मिलेगा सहेली स्मार्ट कार्ड, क्या-क्या शर्तें

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली में महिलाओं को मुफ्त बस सफर की सुविधा मिलती रहेगी पर इसका तरीका पूरी तरह बदलने जा रहा है। रेखा गुप्ता सरकार आम आदमी पार्टी सरकार के दौर से लागू पिंक टिकट को बंद करके 'सहेली स्मार्ट कार्ड' की योजना लागू करने जा रही है। 12 साल से अधिक उम्र की सभी लड़कियों-महिलाओं और ट्रांसजेंडर को मुफ्त बस सफर का लाभ मिलेगा। स्मार्ट कार्ड नाम और फोटोयुक्त होगा।

एक अधिकारी ने बताया कि स्मार्ट कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) के तहत यह स्मार्ड कार्ड जारी किया जाएगा। इससे डीटीसी और क्लस्टर बसों में मुफ्त यात्रा की जा सकेगी और परिवहन के अन्य साधनों का उपयोग करने के लिए रिचार्ज और टॉप-अप की जरूरत पड़ेगी।




**किसको मिलेगा सहेली स्मार्ट कार्ड, क्या शर्तें-** अधिकारी ने बताया कि सहेली स्मार्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए आवेदक महिला/ट्रांसजेंडर को दिल्ली का निवासी होना चाहिए। आयु 12 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। दिल्ली के पते का वैध प्रमाण होना चाहिए। डीटीसी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराना होगा। बैंक का चयन करना होगा और चुनी गई बैंक शाखा में पूर्ण केवाईसी सत्यापन पूरा करना होगा। अधिकारी ने बताया कि केवाईसी पूरी हो जाने के बाद बैंक आवेदक के पंजीकृत पते पर यह स्मार्ट कार्ड भेज देगा।

खेल

# इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने जीता पांचवां वनडे, सीरीज भारतीय अंडर-19 टीम के नाम

**वॉरसेस्टर, (एजेंसी) बेन मायेस और बेन डॉवकिंस के अर्धशतकों की मदद से इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने पांचवें वनडे मुकाबले में भारतीय अंडर-19 टीम को सात विकेट से हराया। भारत ने हालांकि, 3-2 से यह सीरीज अपने नाम की। आरएस अंबरिश के अर्धशतक की मदद से भारतीय अंडर-19 टीम ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम के सामने 211 रनों का लक्ष्य रखा था। जवाब में इंग्लैंड की अंडर-19 टीम ने 31.1 ओवर में तीन विकेट पर 211 रन बनाकर मैच जीता। इंग्लैंड के लिए मायेस ने 76 गेंदों पर 11 चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 82 रन बनाए। भारत की ओर से नमन पुष्पक ने दो विकेट और दीपेश देवेंद्रन ने एक विकेट लिया।**

भारत ने पांचवें वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी



का फैसला लिया और अंबरिश के 81 गेंदों पर छह चौकों की मदद से नाबाद 66 रनों की पारी के दम पर 50 ओवर में नौ विकेट पर 210 रन बनाने में सफल रहा। लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दीपेश ने जोसेफ मूरेस को आउट किया जो पांच रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद डॉवकिंस और मायेस ने दूसरे विकेट के लिए 107 रन जोड़े। डॉवकिंस 53 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफ भी चार रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि, मायेस और कप्तान थॉमस रेव ने इंग्लैंड को जीत दिलाई। रेव 37 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाकर नाबाद लौटे।

इससे पहले, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरुआत इस मैच में अच्छी नहीं रही और उसने कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा के विकेट जल्द गंवा दिए। म्हात्रे और विहान ने एक-एक रन बनाए। शुरुआती झटके लगने के बाद पिछले मैच के शतकवीर सूर्यवंशी और राहुल कुमार ने टीम की पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने तीसरे विकेट के लिए 51 रनों की साझेदारी की। वैभव हालांकि, इस मैच में बड़ी पारी नहीं खेल सके और 42 गेंदों पर तीन चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाकर आउट हुए। वैभव के आउट होने के बाद राहुल कुमार 21 रन और हरवंश पंगालिया 24 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

कनिष्क चौहान अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे, लेकिन वह भी 24 रन बनाकर छठे बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। इसके बाद अगली ही गेंद पर दीपेश देवेंद्रम खाता खोले बिना पवेलियन लौट गए। हालांकि, सात विकेट गिरने के बाद अंबरिश ने युद्धजीत गुहा के साथ मिलकर पारी को संभाला।

सिनेमा

## रणवीर की 'डॉन 3' में होगी शाहरुख खान की एंट्री, डायरेक्टर फरहान अख्तर बना रहे ऐसा प्लान



'डॉन' फिल्म सीरीज, जो खुद 1978 में अमिताभ बच्चन की इसी नाम से आई फिल्म का ऑफिशियल रीमेक है, फैंस के बीच काफी पॉपुलर है. इस फिल्म की पॉपुलैरिटी का राज भी किसी से नहीं छिपा है. जिस तरह शाहरुख खान ने डॉन का रोल बड़े पर्दे पर निभाया, वो यादगार था. अब शाहरुख के बाद ये किरदार रणवीर सिंह निभाने वाले हैं जिसका इंतजार फैंस बेसब्री से कर रहे हैं. हाल ही में एक खबर सामने आई जिसमें 'डॉन 3' की शूटिंग से जुड़ी बड़ी अपडेट थी. बताया गया कि फिल्म जल्द अपनी शूटिंग शुरू करने वाली है. फिल्म में रणवीर सिंह और कियारा आडवाणी तो शामिल हैं ही, मगर साथ में ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा की सरप्राइज एंट्री भी हो सकती है. अब एक और सुपरस्टार की एंट्री होने की खबर सामने आई है. इंडिया टुडे/आजतक को फिल्म के करीबी सूत्रों ने बताया है कि 'डॉन 3' में शाहरुख खान की भी एंट्री हो सकती है. उनका एक ग्रैंड कैमियो प्लान किया जा रहा है जिसके लिए फिल्म के डायरेक्टर फरहान अख्तर शाहरुख से बातचीत कर रहे हैं. हालांकि फिल्म की क्या कहानी होने वाली है, इसपर अभी कोई अपडेट नहीं आई है. सूत्रों का कहना है, 'शाहरुख खान का फिल्म में कैमियो होने वाला है.

## Highlights

1. **Pakistani accounts spread fake news on IAF Rafale pilot casualties**
2. **'Spy' Jyoti was Kerala govt's guest in tourism campaign: RTI reply**
3. **Hafiz Saeed's son threatens Bilawal Bhutto over 'extraditing terrorists to India' remark**
4. **Studying in one's mother tongue instils strong values: CJI Gavai**
5. **SC to hear pleas against Bihar electoral roll revision on July 10**

# Lumio Arc 7: An Indian tech firm shows how home theatre projectors should be

**NEW DELHI, (Agency).** The underside prop stand, aptly called UnderStand, may not seem much at first. It is to prop up the Lumio Arc 7 projector from the front, to get the angles right as it projects the cricket match on the wall. Yet, this is perhaps the best representation of Indian tech company Circuit House's understanding of the big gaps that have defined the home projector market for years. A product line that has long commanded a premium, but still never really done enough to deliver simple value. Projector installation, long-term maintenance and audio has been particularly expensive hassles, and despite its advantages elsewhere, this methodology of consuming movies and TV shows remained an uneasy recommendation for most homes. That is changing now, definitively, with little in terms of shortcomings that I spent much of the initial hours bracing for.



The Arc 7 projector is the flagship in a portfolio of two (the other being the Arc 5), and though there are quite a few constants between the two, the larger in size and also a more expensive Arc 7 does get brighter with 400 ANSI lumens illuminating up to 100-inches worth of projection (the Arc 5 is limited to 200 ANSI lumens), dual 8-watt audio speakers with a massive passive radiator to counter what has traditionally been a weak link for projectors, a snappy Google TV experience, and a price tag of ₹34,999. The ease with which this projector, albeit limited to Full HD (could Lumio have a 4K option soon?), can be set up is far cry from conventional home-theatre projector wisdom till now. For most homes, that may define convenience and make this a genuine alternative to a TV. At least in some rooms, and for certain viewing environments. Lumio is basing the projector experience, much like its recently launched TVs, on the Google TV platform. Crucially, it is fast and doesn't look likely to slow down anytime soon. This implementation of a smart TV OS within a projector, is better than anything legacy projector makers have managed in years, on significantly higher priced products.

# Asian stocks edge higher as Trump open to tariff talks

**NEW DELHI, (Agency).** Asian shares edged higher as President Donald Trump left the door open for additional negotiations after imposing new tariff rates on partners including Japan and South Korea. The MSCI regional stock benchmark advanced 0.1% led by gains in South Korean and Japanese stocks. Contracts for the S&P 500 were little changed after falling Monday on tariff angst. The won and the yen gained slightly while the dollar dipped 0.2% after jumping the most in three weeks Monday. Treasuries inched lower with yields on the 10-year rising about 1 basis point to 4.39%. After announcing higher levies on several countries, Trump said he




was still open to additional negotiations and pushed off increased duties until at least Aug. 1. The president also teased the possibility of additional negotiations and delays later Monday at the White House, saying the notifications were "not 100% firm." Despite Monday's fall, stocks are hovering around record high levels. Markets recovered from their April plunge - when sweeping levies were announced - fueled by expectations that the tariff deadline will be extended, based on Trump's pattern of threatening first and backing down later, a strategy analysts and strategists call "TACO" for "Trump Always Chickens Out." "Investors are looking past the latest tariff announcements, seeing them as a tactic to accelerate negotiations, rather than the final word of where duties will ultimately land," said Frederic Neumann, HSBC's chief Asia economist. On Monday, Trump released the first in a series of tariff warning letters, just two days before agreements are due on countries facing his April 2 so-called reciprocal levies. The new rates include 25% duties on goods from Japan, South Korea, and Malaysia; 32% on Indonesia; 35% on Bangladesh; 36% on Thailand and Cambodia; and 40% on Laos and Myanmar.

# जंगल में मिली पत्नी की लाश, पति पर हत्या का आरोप, रेप के बाद की थी शादी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्यप्रदेश के सिंगरौली जिले के सरई थाना में आने वाले धौहनी गांव के जंगल में एक महिला की मौत हो गई। उसका पति मामूली रूप से घायल है। दोनों इंदौर से बाइक पर सवार होकर सिंगरौली जा रहे थे। उसी दौरान हादसे का शिकार हो गए, इस हादसे में पत्नी की मौत हो गई जबकि उसके पति को मामूली चोटें आई हैं, वहीं इस मामले में महिला के परिजन ने हत्या का आरोप उसके पति पर लगाया है। फिलहाल शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, और मामले की जांच में जुट गई है।**

## रेप केस के बाद हुई शादी

सरई थाना पुलिस के मुताबिक, रिया राय और दिलीप जायसवाल के बीच 2019 से प्रेम संबंध थे। रिया ने दिलीप के ऊपर रेप का मामला भी दर्ज कराया था। इसमें दिलीप 3 महीने जेल में रहा। फिर रिया ने ही दिलीप की जमानत कराई थी। दिलीप के जेल से बाहर आने के बाद 28 सितंबर 2019 को दोनों ने जबलपुर में कोर्ट मैरिज कर ली, तब से दोनों एक साथ रह रहे थे। एक महीने पहले रिया, दिलीप को लेकर अपने भाई के पास इंदौर चली गई। वहां से 4 जुलाई को अपने गांव बरका (सिंगरौली) के



लिए रवाना हुए थे, जहां रविवार रात करीब 11 बजे यह घटना हो गई।

## महिला के परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

रिया की मां रेणु राय का आरोप है कि मेरी बेटी की हत्या उसके पति दिलीप ने की है। पहले उसने बेटी को प्रेमजाल में फंसाकर कोर्ट मैरिज की। फिर उसे शराब पीकर प्रताड़ित करने लगा। बेटी ने विरोध किया तो उसे इस तरह मार डाला। वहीं उसके भाई रिकी राय ने भी आरोप लगाया है कि दिलीप इंदौर में रहते हुए मेरी बहन को लगातार प्रताड़ित करता था। परिवार से बातचीत करने के लिए रोकता था। इसके अलावा दिलीप के घरवाले उसे फोन कर कहते थे कि लड़की को तुम छोड़ दो। लौट आओ। हम संभाल लेंगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद होता था।

## एक बैग लेकर निकले थे दोनों

रिकी के मुताबिक, रिया और दिलीप एक बैग और एक हेलमेट लेकर इंदौर से जबलपुर के लिए बुलेट से 4 जुलाई को सुबह 10.30 बजे निकले थे। दोपहर 3 बजे दोनों भोपाल पहुंचे। इस दौरान हम लोगों की बातचीत हुई। फिर 4 जुलाई को ही रात 9.30 बजे दोनों जबलपुर पहुंचे। वहां होटल में एक कमरा ले लिया। बातचीत हुई तो उन्होंने कहा कि कल निकलेंगे। फिर 6 जुलाई की दोपहर 12 बजे बात हुई, तब दोनों ने कहा कि अब सिंगरौली के लिए निकल रहे हैं।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

रिकी ने कहा- यह पूरी तरह से साजिश है। मेरी बहन को मारा गया है। आज सोमवार को बहन रिया को स्कूल में अतिथि शिक्षक के पद पर जॉइन करना था, इसीलिए इंदौर से दोनों चले गए थे। फिलहाल चितरंगी थाना प्रभारी ने इस मामले में कहा कि हत्या है या फिर हादसा पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा, फिलहाल पुलिस मामले को हर एक एंगल से जांच कर रही है।

# इंदौर-रायपुर फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग, फॉल्स अलार्म आने के बाद लिया फैसला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से रायपुर के लिए उड़ान भरने वाले विमान की इमरजेंसी लैंडिंग इंदौर के देवी अहिल्या विमानतल पर करानी पड़ी। उड़ान भरने के बाद ही विमान में फॉल्स अलार्म के संकेत आने लगे।**

इसके बाद पायलट ने इंदौर एटीसी को आपात लैंडिंग की सूचना दी। विमान फिर इंदौर एयरपोर्ट पर उतारा और उसकी जांच की गई। सुरक्षा कारणों से इंदौर-रायपुर उड़ान निरस्त कर दी गई और यात्रियों का पैसा लौटा दिया गया। इंडिगो की इंदौर-रायपुर फ्लाइट ने बुधवार सुबह साढ़े छह बजे इंडिगो की फ्लाइट ने उड़ान भरी, लेकिन आधे घंटे बाद ही तकनीकी खराबी आई। विमान आधे से ज्यादा सफर तय कर चुका था, लेकिन पायलट ने जोखिम उठाने के बजाए फिर इंदौर विमानतल पर इमरजेंसी लैंडिंग का फैसला लिया। कुछ देर में पायलट ने फ्लाइट को यात्रियों के सामने वापस इंदौर लाने की घोषणा कर दी। सुबह 7.15 बजे इंदौर में विमान की लैंडिंग की गई। फ्लाइट में तकनीकी खराबी आने की बात सुनकर विमान में सवार यात्री काफी घबराए हुए रहे। कंपनी ने इस उड़ान को निरस्त कर दिया। यात्रियों के टिकट के पैसे भी रिटर्न कर दिए। इसके बाद इंजीनियरों ने विमान की तकनीकी जांच शुरू की। अहमदाबाद हादसे के बाद एयरलाइंस विमानों की तकनीकी खामी को लेकर ज्यादा सजग है।

# सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत

**इंदौर।** धार रोड पर एक ट्रक ने रविवार रात बाइक सवार 27 वर्षीय राय सिंह को ओवरटेक करते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए रायसिंह को उपचार के लिए बेटमा के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे एमवाय अस्पताल भेज दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वह रविवार की छुट्टी होने के कारण माता-पिता से मिलने धार गया था। वहां से लौटते समय हादसा हुआ। पुलिस के मुताबिक घटना बेटमा चौराहे के से आगे की है। रायसिंह पुत्र जगलिया भील निवासी धार अपनी बाइक से धार से तिरला ग्राम की तरफ आ रहे थे। रात में बेटमा चौराहे से आगे एक ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। रायसिंह बाइक सहित दूर जा गिरा। उसे लोगों ने एम्बुलेंस से अस्पताल भेजा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि टक्कर मारने वाला ट्रक दूसरे ट्रक को ओवर टेक करते हुए सामने से आया था। इसके कारण हादसा हुआ। राय सिंह बेटमा इलाके की एक मेटल फैक्ट्री में पिछले पांच साल से काम कर रहा है। उसके परिवार में तीन बच्चे, पत्नी हैं। पुलिस अज्ञात ट्रक ड्रायवर की तलाश कर रही है। वहीं, आजाद नगर में मैजिक पर चलने वाले दिव्यांग हेल्पर 32 वर्षीय विशाल ठाकुर को मूसाखेड़ी इलाके में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में विशाल की मौत हो गई।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक